**प्रो0 दीपक नगरिया**
परीक्षा नियंत्रक

**डॉ0ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0**
(पूर्ववर्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर–11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0–226031

दिनांकः 18 अगस्त,2025

पत्रांक स० : ए०के०टी०यू०/प०नि०का०/2025/2056

सेवा मे,

निदेशक/प्राचार्य
डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

**विषयः सत्र 2024–25 सम सेमेस्टर, प्रथम चरण परीक्षा के बी0टेक, बी0फार्म, बी0एफ0ए0 एवं बी0एफ0टी0डी0 पाठ्यक्रमों के चैलेंज मूल्यांकन के सम्बन्ध में।**

महोदय,

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध सभी संस्थानों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को सूचित करना है कि सत्र 2024–25 सम सेमेस्टर के प्रथम चरण की परीक्षा जो दिनॉक 17/05/2025 से 13/06/2025 के मध्य हुई परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले छात्र/छात्राओं के बी0टेक, बी0फार्म, बी0एफ0ए0 एवं बी0एफ0टी0डी0 पाठ्यक्रमों के परीक्षा परिणाम जारी किया जा चुका है।

उक्त परीक्षाओं से सम्बन्धित ऐसे छात्र जो अपनी उत्तर–पुस्तिकाओं का चैलेंज मूल्यांकन कराये जाने के इच्छुक हैं, की उत्तर–पुस्तिकाएं छात्र के ई0आर0पी0 लॉगिन में उपलब्ध करा दी गई है। अतः इच्छुक छात्र/छात्राए अपनी उत्तर पुस्तिका को देखते/जांच करते हुए नियमानुसार दिनांक **18 अगस्त, 2025 से 28 अगस्त, 2025** तक निर्धारित शुल्क रू0 2500.00 (दो हजार पॉच सौ) मात्र प्रति विषय की दर से ऑन–लाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑन–लाइन चैलेंज मूल्यांकन कराये जाने से सम्बन्धित विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत पत्र संख्या ए0के0टी0यू0/प0नि0का/2024/1094 दिनॉक 13 अगस्त 2025 के अनुसार कार्यवाही के उपरान्त ही छात्र/छात्राए चैलेज मूल्यांकन हेतु आवेदन कर सकेंगे। चैलेंज मूल्यांकन के संबंध में उत्तर प्रदेश के शासनादेश संख्या 39298/16–1099/17/2020, दिनांक 11 दिसम्बर, 2020 श्री राज्यपाल /कुलाधिपति के अपरमुख्य सचिव के पत्र संख्याः ई–7443/03–जी0एस0/2019 (टी0सी0) दिनांक 26.11.2020 एवं विश्वविद्यालय की परीक्षा समिति–2021 की 68वीं बैठक के मद संख्या 68.13 में लिये गये निर्णय निम्नवत हैः–

1 दो विषय विषज्ञों/परीक्षकों द्वारा प्रदत्त प्राप्तांकों का औसत निकाला जाएगा।
2 यह औसत अन्तिम रूप से स्वीकृत होगा और अंक पत्र में देय होगा।
3 यदि औसत और मूल प्राप्तांकों में प्रश्न पत्र के पूर्णांक के 20 प्रतिशत से अधिक का अन्तर होता है तब परीक्षार्थी द्वारा जमा किए गए शुल्क रू0 2500/– में से रू0 1000/– धनराशि की कटौती करते हुए शेष रू0 1500/– परीक्षार्थी को वापस किया जायेगा। शुल्क वापसी हेतु छात्रों द्वारा बैंक विवरण ;Account No.,IFSC Code & Bank Name) को भरते समय जांच कर लिया जाए कि उनके द्वारा उपलब्ध कराये गये बैंक विवरण सही भरे गये हैं। यदि छात्र द्वारा गलत बैंक विवरण या किसी अन्य के खाता का विवरण दिया जाता है तो भुगतान में असुविधा के लिए छात्र स्वयं जिम्मेदार होगा।

18/08/2025

**( प्रो0 दीपक नगरिया )**
परीक्षा नियंत्रक

**पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।**
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
1 प्रतिकुलपति/कुलसचिव/वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2 संयुक्त/उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3 प्रभारी ई0आर0पी0, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित की उपरोक्त के सन्दर्भ समयानुसार छात्रों का चैलेंज मूल्यांकन का आवेदन तथा निर्धारित शुल्क जमा कराने हेतु यथा आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।
4 जनसम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5 स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

**( प्रो0 दीपक नगरिया )**
परीक्षा नियंत्रक